आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरे और तीसरे श्रेणी के शहरों तथा दूर–दराज़ के क्षेत्रों में विकसित उड़ान योजना शुरू की।
- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने छात्रों से पूरक परीक्षा के लिए सीबीएसई पोर्टल पर आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि आठ जुलाई निर्धारित की है।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के टाउन वेंडिंग कमेटी आज से स्ट्रीट वेंडर्स के सर्वेक्षण का कार्य शुरू करेगी।
- राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल द्वारा द्वीपसमूह के अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं की घोषणा की गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरे और तीसरे श्रेणी के शहरों तथा दूर–दराज़ के क्षेत्रों में हवाई यात्रा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना का अगला चरण विकसित उड़ान शुरू किया है। नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि विकसित उड़ान योजना के शुरू होने से भारत के क्षेत्रीय संपर्क का अगला अध्याय शुरु होगा। श्री नायडू ने कहा कि 28 हजार आठ सौ 40 करोड़ रुपये से ज़्यादा के बजट के साथ शुरू की गई यह योजना दूसरे और तीसरे श्रेणी के शहरों में हवाई संपर्क को मज़बूत करेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना 100 से ज्यादा नए हवाई अड्डों और 200 हेलीपैड के विकास में मदद करेगी।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी नियमित छात्रों के लिए संबंधित स्कूलों द्वारा उम्मीदवारों की सूची के ऑनलाइन सबमिशन और निजी उम्मीदवारों द्वारा स्वयं सीबीएसई पोर्टल पर आवेदन फॉर्म जमा करने की अधिसूचना जारी कर दी है। फार्म 8 जुलाई तक बिना विलंब शुल्क के जमा किए जा सकते हैं। कक्षा 12वीं के वे सभी नियमित छात्र जिन्हें कंपार्टमेंट श्रेणी में रखा गया है या जो अपने अंकों में सुधार के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें स्कूल प्रशासन द्वारा आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए तुरंत अपने संबंधित स्कूलों से संपर्क करने का निर्देश दिया गया है।

इसके अलावा, सभी निजी उम्मीदवारों को भी कक्षा 12वीं की पूरक या सुधार परीक्षा के लिए निर्धारित समय सीमा तक बिना विलंब शुल्क के सीबीएसई पोर्टल cbse.gov.in के माध्यम से आवेदन करने को कहा गया है। परीक्षा 28 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे। मंत्रालय ने बताया कि सहकार से समृद्धि लक्ष्य के तहत इस समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर श्री शाह कई प्रमुख परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे। इनमें राष्ट्रीय सहकारिता डेटाबेस के तीसरे चरण की शुरूआत और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के दुग्ध आपूर्ति समीक्षा डैश बोर्ड पोर्टल का शुभारंभ शामिल हैं।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत – रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण)' 2025 के पहली जुलाई से लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। केंद्रीय मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए इस मिशन के अंतर्गत राज्यों के लिए 25 हज़ार करोड़ रुपये की सहायता राशि जारी की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी राम जी को पूरे देश में सिर्फ़ एक दिन में लागू कर दिया गया।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग, की ओर से वर्ष 2026–27 के लिए नए मोटर चालित मछली पकड़ने वाली नावों के निर्माण और खरीद के लिए सब्सिडी' नामक केंद्र शासित प्रदेश योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना के तहत सामान्य मछुआरों, बेरोजगार युवा, स्थानीय उद्यमियों और मत्स्य सहकारी समितियों के लिए इकाई लागत का 50 प्रतिशत, जबकि अनुसूचित जनजाति और जनजातीय सहकारी समितियों के लिए इकाई लागत का 75 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए आवेदक का द्वीपसमूह का मछुआरा होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदक आवेदन पत्र और विस्तृत दिशानिर्देश मत्स्य निदेशालय, क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालयों या अपने निकटतम मत्स्य उप–केंद्रों से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र 15 जुलाई तक निकटतम क्षेत्रीय मत्स्य कार्यालय या उप–केंद्रों पर जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के टाउन वेंडिंग कमेटी आज से स्ट्रीट वेंडर्स के सर्वेक्षण का कार्य शुरू करेगी, जो पहली अगस्त तक चलेगा। इसके अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स –आजीविका का संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग का विनियमन अधिनियम, 2014 के प्रावधानों के अनुसार नगरपालिका परिषद के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सर्वेक्षण किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स की वास्तविकता और प्रामाणिकता स्थापित करना है। परिषद ने स्ट्रीट वेंडर्स को परामर्श देते हुए कहा कि सर्वेक्षण के दौरान वेंडर के साथ उनके ठेले का होना अनिवार्य है। उन्हें अपने पास आवश्यक दस्तावेज रखने होंगे। जो वेंडर अपने संबंधित वार्ड में उपस्थित नहीं होंगे, उन्हें वेंडिंग प्रमाणपत्र जारी करने के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। चयनित वेंडर्स को पात्रता निर्धारित करने के लिए लागू योजना के प्रावधानों के अनुसार अपनी वित्तीय स्थिति के संबंध में शपथ पत्र जमा करना होगा।

<><><><><><><>

भारत सरकार के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल द्वारा द्वीपसमूह के अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं की घोषणा की गई है। इच्छुक छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से 31 अक्तूबर तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। प्री–मैट्रिक और पोस्ट मैट्रिक छात्रों के लिए पारिवारिक वार्षिक आय 2.5 लाख रूपये तय की गई है। माध्यमिक स्तर के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र जो अतिरिक्त छात्रवृत्ति अनुदान के लिए आवेदन कर रहे हैं, उनकी पारिवारिक वार्षिक आय 8 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस छात्रवृत्ति योजना के लिए पात्र छात्रों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल की आधिकारिक वेबसाइट scholarships.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। छात्रों के बैंक खाते सक्रिय और आधार कार्ड से लिंक होने चाहिए।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस उच्च शिक्षण संस्थान के तहत अंडमान कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न 8 स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि आज शाम पांच बजे तक के लिए बढ़ा दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस उच्च शिक्षण संस्थान के घटक महाविद्यालय, महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में विभिन्न 7 स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि कल तक है। इच्छुक विद्यार्थी कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

**<><><><><><><>**

समाचार पत्रों की सुर्खियां

द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने उप–राज्यपाल द्वारा ग्रेट निकोबार परियोजना पर चर्चा करने के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक करने के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने पंजीकृत प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों और सहकारी समितियों के लिए पशु औषधि वितरण केन्द्र की स्थापना के पहल के समाचार को भी प्रमुखता से छापा है। इंफो इंडिया ने ए डी टी ओ आई अंडमान चैप्टर द्वारा तट सफाई अभियान आयोजित करने के समाचार को प्रकाशित किया है। द इको ऑफ इंडिया ने द्वीपसमूह में गऊ माता सिग्नेचर अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है, जबकि अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा श्री विजयपुरम और कच्छाल के बीच सीधी जहाज सेवा के संबंध में मांग किए जाने के समाचार को प्रमुखता दी है।

**<><><><><><><>**